मुजफ्फरपुर के सुंदरपुर में नकली खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़, महिला समेत दो गिरफ्तार



संवाद सहयोगी, सकरा (मुजफ्फरपुर)। Muzaffarpur Fake Fertilizer: बरियारपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर इलाके में काफी दिनों से चल रही नकली खाद बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है।

कार्रवाई के दौरान धंधे में शामिल महिला समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। ठिकाने से 208 बोरी खाद, खाद बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, दो पिकअप, एक इलेक्ट्रिक तराजू और 601 खाली बोरियां समेत अन्य सामान जब्त किए गए।

Source: https://www.jagran.com/bihar/muzaffarpur-muzaffarpur-fake-fertilizer-factory-busted-40416681.html